संख्याः 2–227/2020–हि०प्र०वि०वि०(सामान्य)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
"सामान्य प्रशासन शाखा"

प्रेषित,

1. आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
3. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
4. शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1
5. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय हि०प्र०वि०, शिमला–5
6. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त–विज्ञान संकाय, हि०प्र० राज० दन्त महाविद्यालय, शिमला–1
7. डॉ. अनिल कुमार जरयाल, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय खुंडिया, जिला कांगडा, हि.प्र.
8. श्री राकेश कुमार, माननीय विधायक, विधान सभा, सुन्दरनगर निर्वाचन क्षेत्र, गॉव पुंघ, डा० व तह० सुन्दरनगर–1 जिला, मण्डी हि०प्र०।
9. आचार्य सेवा सिंह चौहान, लोक प्रशासन विभाग, हि०प्र०वि०, शिमला–5.
10. श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, विधान सभा, बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र, मकान नं० 23/4, सैक्टर –2, बिलासपुर, जिला बिलासपुर, (हि०प्र०)
11. श्री बिपन कुमार, अनुभाग अधिकारी, स्थापना शाखा, हि०प्र०वि०शिमला–5
12. आचार्य एन.के. शारदा, मांगल्यम, कंगनाधार, फेज-III, शिमला–9
13. आचार्य वी.पी. शर्मा, वशिष्ट भवन, बिलो पुलिस पोस्ट समरहिल, शिमला–5
14. डॉ. नीरा वालिया, सह आचार्य (अंग्रेजी), सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1

दिनांकः शिमला–5, 11 SEP 2020

**विषयः– कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2020 की तृतीय नियमित बैठक की कार्यवाही।**

महोदय/महोदया,

कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2020 की तृतीय नियमित बैठक जो दिनांक 02 सितम्बर, 2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

**कुलसचिव**
सदस्य–सचिव

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः 11 SEP 2020

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. सचिव कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि०प्र० राज भवन, शिमला को मद संख्या 12 और 13 की कार्यसूची सहित।
2. अधिष्ठाता अध्ययन/छात्र कल्याण/मुख्य छात्रपाल/निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र/ वित्त अधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक, हि०प्र०वि०, शिमला–5
3. समस्त संकायों के अधिष्ठाता/ समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि०प्र०वि०, शिमला–5
4. संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग/ उप–कुलसचिव (स्था०), हि०प्र०वि०, शिमला–5
5. प्राचार्य, हि०प्र०वि०, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1
6. सचिव–कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
7. प्रभारी, वैब–साईट, हि०प्र०वि०, शिमला–5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
8. अनुभाग अधिकारी (कुलपति कार्यालय), हि०प्र०वि०, शिमला–5
9. विशेष निजी सचिव–कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
10. रक्षक मिसिल।

**कुलसचिव**

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**ज्ञान–पथ, समरहिल, शिमला–171 005**
**'सामान्य प्रशासन शाखा'**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2020 की तृतीय नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक **02 सितम्बर, 2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** आचार्य सिकन्दर कुमार, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

1. आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
2. सचिव (वित्त), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
3. विशेष सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
4. शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1
5. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त–विज्ञान संकाय, आई.जी.एम.सी. शिमला–1
6. आचार्य सेवा सिंह चौहान, लोक प्रशासन विभाग, हि०प्र०वि०, शिमला–5.
7. श्री बिपन कुमार, अनुभाग अधिकारी, स्थापना शाखा, हि०प्र०वि०शिमला–5
8. आचार्य एन.के. शारदा, मांगल्यम, कंगनाधार, फेज-III, शिमला–9
9. आचार्य वी.पी. शर्मा, वशिष्ट भवन, बिलो पुलिस पोस्ट समरहिल, शिमला–5
10. डॉ. नीरा वालिया, सह आचार्य (अंग्रेजी), सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला–1

मद संख्या-1: **कुलपति महोदय का वक्तव्य।**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2020 की तीसरी नियमित बैठक में मैं आप सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

मैं कार्यकारिणी परिषद् के लिए गैर शिक्षक कर्मचारी चुनाव क्षेत्र से निर्वाचित हुए नये सदस्य श्री बिपिन कुमार का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ और आशा करता हूँ कि कार्यकारणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न मदों पर निर्णय लेने हेतु आपका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होता रहेगा तथा गैर शिक्षक कर्मचारी चुनाव क्षेत्र से निवर्तमान सदस्य श्री प्रेम राज द्वारा कार्यकारिणी परिषद् में दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट करता हूँ।

दिनांक 22 जुलाई, 2020 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का ***51वाँ स्थापना दिवस*** **''स्वर्ण जयन्ती समारोह''** विवेकानन्द भवन में आयोजित किया गया। यह समारोह भारतवर्ष में कोविड-19 महामारी के चलते केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों तथा सामाजिक दूरी का पालन करते हुए बहुत ही संक्षिप्त तथा गरिमापूर्ण तरीके से आयोजित किया गया तथा इस समारोह में केवल वैधानिक अधिकारियों को ही आमंत्रित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, श्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने की। इस समारोह में माननीय शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, श्री सुरेश भारद्वाज जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

मैं सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित करना चाहूंगा कि वैश्विक महामारी 'कोविड-19' कोरोना वायरस से लॉकडाउन के कारण कई पाबंदियां थीं तथा इस दौरान भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों को पूर्णतः लागू किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की अंतिम सत्र की परीक्षाएं आयोजित की गईं। हालांकि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 17 अगस्त, 2020 से आरम्भ हुई इन परीक्षाओं को रोकने के आदेश दिए गए किन्तु विश्वविद्यालय द्वारा अपना पक्ष प्रभावी रूप से रखने के उपरान्त दिनांक 19 अगस्त, 2020 से यह परीक्षाऐं सुचारू रूप से आयोजित की जा रही हैं व दिनांक 15 सितम्बर, 2020 तक पूरी हो जाएंगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षाऐं दिनांक 15 सितम्बर, 2020 से प्रदेश के 38 परीक्षा केन्द्रों में आरम्भ की जा रही हैं जिसकी पूरी कार्ययोजना केन्द्रीय गृह मन्त्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा राज्य सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार तैयार की गई है।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः-

1. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों व निदेशकों के साथ बैठक की।

2. दिनांक 17 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के बेबिनार की अध्यक्षता की।

3. दिनांक 18 जुलाई, 2020 को यू0जी0सी0 मानव संसाधन विकास केन्द्र के "भारत में शिक्षा पर कोरोना के प्रभाव-पोस्ट कोविड-19 चुनौतियां और अवसर" विषय पर आयोजित एक दिवसीय वेबिनार की अध्यक्षता की।

4. दिनांक 20 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में "आत्मनिर्भर भारत उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका" विषय पर आयोजित वेबिनार की अध्यक्षता की।

5. दिनांक 22 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के नव निर्मित विवेकानन्द भवन का लोकार्पण माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा श्री सुरेश भारद्वाज जी, माननीय शिक्षा मन्त्री, हि0प्र0 के कर कमलों द्वारा किया गया।

6. दिनांक 22 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के विवेकानन्द भवन में विश्वविद्यालय का 51वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री बंडारू दत्तात्रेय जी, माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने इस आयोजन की अध्यक्षता की तथा श्री सुरेश भारद्वाज जी, माननीय शिक्षा मन्त्री, हि0प्र0 ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

7. दिनांक 31 जुलाई, 2020 को कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता योजना, मुख्य छात्रपाल, कुलसचिव तथा वित्त अधिकारी के साथ बैठक की।

8. दिनांक 5 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर दुकानदारों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

9. दिनांक 20 अगस्त, 2020 को कुलपति कार्यालय से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की अकादमिक परिषद समिति की बैठक में भाग लिया।

10. दिनांक 20 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों में, विभागों में सदभावना दिवस की प्रतिज्ञा ली गई।

11. दिनांक 21 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में आई आई आई टी ऊना के तीसरे दीक्षांत समारोह में ऑनलाईन भाग लिया।

12. दिनांक 21 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

13. दिनांक 22 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय परिसर में श्री गोविन्द सिंह ठाकुर जी, माननीय शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में पौधरोपण आयोजित किया गया।

14. दिनांक 25 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय सभागार में कार्यकारिणी परिषद् व विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य हेतु चुनाव आयोजित किया गया।

15. दिनांक 26 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में अन्तर विषयक अध्ययन विभाग- आई.आई.एच.एस द्वारा "पर्यावरण विज्ञान के छात्रों की कौशल वृद्धि और व्यवसायिक विकास" विषय पर ऑनलाईन कार्यशाला की अध्यक्षता की।

16. दिनांक 28 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय अध्यापक आवास परिसर में श्री सुरेश भारद्वाज जी, माननीय शहरी विकास, विधि एवं संसदीय कार्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में पौधरोपण आयोजित किया गया।

17. दिनांक 29 अगस्त, 2020 को राज भवन में माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बन्धित एक बैठक में भाग लिया।

18. दिनांक 29 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में मानव संसाधन विकास केन्द्र के आर0सी0-319 के समापन सत्र की ऑनलाईन अध्यक्षता की।

19. दिनांक 30 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया।

20. दिनांक 31 अगस्त, 2020 को कुलपति सचिवालय में सी.सी.एस. सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई।

21. दिनांक 31 अगस्त, 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में भारत रत्न डॉ0 भीम राव अम्बेडकर, डॉ0 केशव बलिराम हेडगेबार व हिमाचल निर्माता एवं

प्रदेश के प्रथम मुख्यमन्त्री डॉ. यशवन्त सिंह परमार पीठों के लिए साक्षात्कार ऑनलाईन व ऑफलाईन आयोजित किए गए।

22. दिनांक 1 सितम्बर, 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में दीन दयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी पीठों के लिए ऑनलाईन व ऑफलाईन साक्षात्कार आयोजित किए गए।

अब मैं, विश्वविद्यालय के कुलसचिव से आग्रह करता हूँ कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद संख्या–2**:कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 30–06–2020 में लिए गए निर्णयों का संशोधन के बाद पुष्टिकरण।

मद संख्याः 11– **The Council after detailed deliberations on the issue decided not to grant affiliation to L.R. Institute of Legal Studies, Jabli Kyar, Oachghat, Distt. Solan, HP to run BA LLB (Hons) degree course from the academic session 2020-21.**

मद संख्याः 29–**The Council approved that the services rendered by Dr. Jyoti Prakash, Professor, Deptt. of Mathematics & Statistics in D.A.V. College Daulatpur Chowk, Una w.e.f. 05.08.1996 to 04.08.1999 on the regular basis be counted for promotion under CAS.**

मद संख्याः 30–**The Council after necessary rectification decided, as under: The Executive Council approved the refund of 50% fees as concession to the wards of University Employees admitted for study courses in UIT under Self Financing Scheme over and above the sanctioned strength.**

**मद संख्या–3** : कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 30–06–2020 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

......

**कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 30.06.2020 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।**

**मद संख्या–4** : माननीय कुलपति महोदय द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए लिए गए निर्णय के संदर्भ में कृत कार्रवाई कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ / पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत है।

...............

**कुलपति महोदय द्वारा उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की गई है।**

मद संख्या–5: कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त हुई है के बारे में।

...........

**कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कोई मद प्राप्त नहीं हुई है।**

मद संख्या–6: The matter regarding extension for placing the services of Dr. (Mrs.) Anupama Singh, Professor of Public Administration, ICDEOL, HPU, Shimla on her appointment as Secretary to Vice-Chancellor on secondment basis in the Sardar Vallabh Bhai Patel Cluster University, Mandi for another period of one year w.e.f. 03.03.2020.

...........

**The Executive Council approved the extension of services on secondment basis for a further period of one year in favour of Dr. (Mrs.) Anupama Singh, Professor, Public Administration, ICDEOL, HPU, Shimla w.e.f. 03.03.2020 on the same terms and conditions as laid down at the time of her appointment as Secretary to Vice-Chancellor of Sardar Vallabh Bhai Patel Cluster University, Mandi.**

मद संख्या–7: The matter regarding release of salary, consequent upon regularization of services of Sh. Parvez Mohd., Technician and Sh. Sunil Kumar, Peon in the mainstream of the University, after their merger from Self Financing Funds/ NRI Funds/ Projects.

............

**The Council approved that the services rendered by Sh. Parvez Mohd., Technician (Category –C) and Sh. Sunil Kumar, Peon (Category-D) on fixed salary basis, prior to merger in the main stream of the University, deemed to be rendered on contract basis for regularization of their services.**

मद संख्या–8: हिमाचल प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क (एच.पी.स्टैप) में कार्यरत कर्मचारियों का विश्वविद्यालय में विलय का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत है।

..........

**The Council discussed the issue in detail and the following Committee has been constituted for further recommendation:**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **Registrar** | **– Chairman** |
| **2.** | **Dr. (Mrs.) Neera Walia** | **- Member** |
| **3.** | **Sh. Bipan Kumar** | **- Member** |

**The Council further decided to place the recommendations of the said Committee in its next meeting.**

मद संख्या–9: The matter regarding regularization of teacher/ technical/ research staff working on contract basis in University Institute of Technology, University Institute of Legal Studies and Centre for Women Studies on merger of their services into the mainstream of the University as per recommendations of the committee constituted vide Notification No. 3-38/96-HPU (Genl.) Vol-III dated 07.02.2019 read with Notification of even No. dated 12.07.2020 of its meeting held on 13.08.2020.

..........

**The Council approved the regularization of teacher/ technical/ research staff working in the University Institute of Technology, University Institute of Legal Studies and Centre for Women Studies.**

मद संख्या–10: भर्ती एवं पदोन्नति समिति की दिनांक 13.08.2020 को हुई बैठक की अनुशंसा के आलोक में विश्वविद्यालय में कार्यरत सर्वश्री राम अवतार गुप्ता व सुरेन्द्र कुमार कम्प्युटर ऑपरोटरों जो एक ही पद पर लगभग 33 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके हैं, को कम्प्युटर प्रोग्रामर के पद पर शैक्षणिक योग्याताओं में एक मुश्त छूट प्रदान कर व्यक्तिगत क्रमोन्नति का मामला विचारार्थ/ अनुशंसा हेतु कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

.........

**In pursuance of decision taken by the Finance Committee under Res. No. 8 of its meeting held on 16.06.2020 and on the recommendation of the Recruitment & Promotion Committee of its meeting held on 13.08.2020, the Executive Council approved the promotion/up-gradation of Sh. Ram Avtar Gupta and Sh. Surender Kumar, Computer Operators to the post of Computer Programmer with immediate effect, as a measure personal to them who have completed the services of more than 24 years and have less than 3 years of superannuation.**

मद संख्या–11: प्रारूपकार से व्यक्तिगत क्रमोन्नति उपरांत मुख्य प्रारूपकार के रूप में कार्यरत श्री संदेश कुमार एवं श्री बलदेव सिंह राणा, की तर्ज पर श्री विनोद कुमार, को एक ही पद पर लगभग पंद्रह वर्ष से अधिक का सेवाकाल पूर्ण करने एवं पदोन्नति हेतु उच्च संवर्ग–मुख्य प्रारूपकार का कोई पद उपलब्ध न होने के कारण गतिहीनता/ ठहराव के दृष्टिगत उनके द्वारा वर्तमान में आहरित प्रारूपकार के पद को क्रमोन्नत कर व्यक्तिगत क्रमोन्नति का मामला वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ एवं संस्तुति जैसा समिति उचित समझें हेतु।

..........

**The Council decided that the matter needs to be examined in detail and the same be placed before the next meeting of Executive Council with full justification.**

<u>मद संख्या–12:</u> To place before the Executive Council for consideration and approval to advertise the vacant Teaching, Non-Teaching, Technical and Non-Technical posts to be filled up by direct recruitment.

..........

**Approved.**

<u>मद संख्या–13:</u> To place before the Executive Council the recommendations of the Search Committee for appointment of Professor to head the various Chairs in the University.

..........

**The Executive Council approved the following appointments of various Heads of Chairs in the University on the recommendations of the Search Committees :**

1. **<u>Dr. Keshav Baliram Hedgewar Chair</u>**
   Dr. Dinesh Sharma
2. **<u>Dr. Y.S. Parmar Chair</u>**
   Dr. Om Parkash Sharma
3. **<u>Deen Dayal Upadhayaya Chair</u>**
   Dr. Manoj Chaturvedy
4. **<u>Dr. B.R. Ambedkar Chair</u>**
   Dr. Hari Mohan Sharma
5. **<u>Shyama Prasad Mukherjee Chair</u>**
   Professor (Retd.) Shri Ram Sharma

**यथा स्थान मदें:–**

श्री बिपन कुमार, सदस्य, कार्यकारिणी परिषद् ने कार्यकारिणी परिषद् की दिनांक 04.02.2020 की बैठक मद संख्या 16 में श्री बलदेव सिंह राणा और सन्देश कुमार की व्यक्तिगत क्रमोन्नति हेतु निर्णय में संशोधन कर पदोन्नति शब्द जोडने हेतु आग्रह किया जिसे परिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया।

अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रशासनिक अधिकारी संघ द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर श्री बिपन कुमार, सदस्य, कार्यकारिणी परिषद् ने परिषद् से निवेदन किया कि उप–कुलसचिव के खाली पदों को देखते हुए इस पद के लिए बनाए गए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में छूट प्रदान की जाए एवं सहायक कुलसचिव के पद के लिए बनाए गए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में अनुभाग अधिकारी के भर्ती एवं पदोन्नति के आधार पर संशोधन किया जाए। जिस पर कार्यकारिणी परिषद् द्वारा गहन विचार–विर्मश करने के उपरान्त निर्णय लिया कि उक्त मदों का परीक्षण कर वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाऐं। इसके अतिरिक्त उक्त सदस्य ने सहायक कुलसचिव एवं अनुभाग अधिकारी के वेतन विसंगति से सम्बन्धित दस्तावेज प्रदेश सरकार द्वारा परीक्षण हेतु सचिव वित्त, हि.प्र.सरकार को सौंपे गए।

President, N.P.S. Employees Association Himachal Pradesh द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर–शिक्षक समुदाय द्वारा सौंपे गए संयुक्त मांग पत्र पर परिषद् द्वारा विस्तार से चर्चा कि गई तथा निर्णय लिया कि इस विषय को पूर्ण तथ्यों सहित राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

कार्यकारिणी परिषद् ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई और Students Federation of India (SFI) द्वारा सौंपे गए अभ्यावेदनों पर चर्चा की जिन्हें कुलपति महोदय ने मदवार मांग–पत्र परिषद् के समक्ष पढकर प्रस्तुत किए और कार्यकारिणी परिषद् को सूचित किया कि छात्र–संगठनों द्वारा समय–समय पर उठाई गई उचित मांगों पर कार्रवाई की जा चुकी है और कुछ पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। माननीय कुलपति महोदय द्वारा कार्यकारिणी परिषद् को सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय के अर्न्तगत सभी विभागों से कोरोना महामारी के दौरान छात्रों से सिर्फ टयूशन फीस ही वसूलने का मामला वित्त अधिकारी, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा स्नातक स्तर के गणित विषय के पेपर चेकिंग की प्रक्रिया में आ रही अनियमितताओं को दूर किए जाने का मामला परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को उचित कार्यवाही हेतु भेजा गया है। इसके अतिरिक्त कुलपति महोदय ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित के मुददों के प्रति सदैव तत्पर रहता है और छात्रों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्रों पर उचित कार्यवाई प्रशासनिक स्तर पर अमल में लाई जाती रही है।

अन्त में बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

(सुनील शर्मा) हि0प्र0से0
**कुलसचिव**
**सदस्य–सचिव**

पुष्टिकरण

(आचार्य सिकन्दर कुमार)
**कुलपति / सभापति**